SCOTLAND का BABY BOX
आनंद और खुशियों का एक और उपहार है

Parent Club
parentclub.scot

Scottish Government
Riaghaltas na h-Alba

आपके बच्चे के लिए एक उपहार

हम आशा करते है कि आपको स्कॉटिश सरकार की ओर से मिला आपका यह स्वागत उपहार पसंद आएगा।

आपके शिशु के पहले कुछ महत्वपूर्ण महीनों में, उसकी अच्छी सेहत के लिए, हमने कपड़े, बिस्तर और कई अन्य उपयोगी चीज़ें प्रदान की हैं, ताकि आपके बच्चे को जीवन की सबसे अच्छी शुरुआत मिल सके।

इसमें ऐसी चीज़ें दी गई हैं, जिनका इस्तेमाल करके आप अपने नन्हे बच्चे के साथ एक सकारात्मक और प्यार भरे तरीके से जुड़ सकती(ते) हैं। Baby Box में मौजूद चीज़ों का इस्तेमाल करके अपने बच्चे के साथ खेलने और उससे जुड़ाव बनाने के सुझावों के लिए, देखें **parentclub.scot/baby-box-items**

इसके साथ एक गद्दा, प्रोटेक्टर, फिटेड शीट और कंबल आता है, ताकि आप इसे अपने नवजात शिशु के सोने के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक जगह के तौर पर इस्तेमाल कर सकें (पृष्ठ 4-5 देखें)। बाद में, जब बच्चा इतना बड़ा हो जाए कि अब इसमें न सोता हो, तो इसे एक शानदार मेमोरी बॉक्स या टॉय बॉक्स के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

कृपया ध्यान दें, Baby Box में मौजूद चीज़ें अलग-अलग हो सकती हैं।

क्या कोई चीज़ गायब है या खराब है? संपर्क करें
scotlandsbabybox@theapsgroup.com
या कॉल करें **0800 030 8003**



कृपया वह रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज करें जो आपको 20-24 हफ्तों की समयावधि पर मिडवाइफ़ की अपॉइंटमेंट पर दिए गए लीफ़लेट में मिली थी।